## Markets4you "डिपॉज़िट बोनस" प्रमोशन के नियम व शर्तें

**A.** परिचय

1. Markets4you **"डिपॉज़िट बोनस"** , Markets4you प्रमोशन ("प्रमोशन") है, जिसमें क्लाइंट्स अपने ट्रेडिंग अकाउंट्स में क्रेडिट बोनस ("बोनस") प्राप्त कर सकते हैं।

**B.** प्रमोशन में भागीदारी

1. निम्नलिखित के मानदंडों को पूरा Markets4you करने वाले ग्राहक भागीदारी कर सकते हैं:
    a. क्लाइंट्स का ट्रेडर रूम सत्यापितहोना चाहिए,
    b. योग्य अकाउंट प्रकार: Classic Standard, Cent Standard, Classic Pro और Cent Pro।

**C.** सामान्य शर्तें

1. यह प्रमोशन केवल निम्नलिखित पर लागू होता है:
    a. क्लाइंट के ट्रेडिंग अकाउंट्स,
    b. Share4you Follower अकाउंट्स और
    c. Share4you Leader अकाउंट्स पर।
2. यह प्रमोशन निम्नलिखित पर लागू नहीं होता है:
    a. पार्टनर के अकाउंट्स पर
    b. 1:2000 या उससे ज़्यादा लिवरेज वाले अकाउंट्स पर और
    c. जिन अकाउंट्स में "कैशबैक प्रोग्राम" एक्टिव है
3. बोनस एक्टिवेशन के बाद योग्य क्लाइंट अपने पहले डिपॉजिट पर अधिकतम **50%** तक का और उसके बाद अगले हर डिपॉजिट पर अधिकतम 20% तक का बोनस प्राप्त कर सकता है। बोनस क्लाइंट द्वारा बोनस एक्टिवेशन के समय चुने गए अकाउंट में डिपॉजिट किया जाएगा।
4. कुल उपलब्ध बोनस राशि **3 000 USD** प्रति ट्रेडर रूम है। जब तक कुल उपलब्ध बोनस सीमा पूरी न हो जाए, क्लाइंट इस पूरी राशि को एक बार में या अधिकतम 10 बार में एक्टिवेट कर सकता है।
    a. उदाहरण:
        i. क्लाइंट A ने पहले डिपॉजिट के तौर पर 10,000 USD जमा किए और 50% बोनस चुना। चूंकि बोनस सीमा प्रति ट्रेडर रूम 3,000 USD है, इसलिए 3,000 USD का बोनस उसके अकाउंट में क्रेडिट किया जाएगा।
        ii. क्लाइंट B को पहले डिपॉजिट से 2,900 USD का बोनस प्राप्त हो चुका है। अब उन्होंने 1,000 USD डिपॉजिट किए और 20% बोनस को चुना। जैसा कि प्रति ट्रेडर रूम बोनस सीमा 3,000 USD है, इसलिए 100 USD बोनस राशि को क्लाइंट के अकाउंट में डिपॉजिट कर दिया जाएगा।
    b. यदि किसी क्लाइंट ने अपने किसी भी ट्रेडिंग अकाउंट पर एक या उससे ज़्यादा बार बोनस को एक्टिवेट किया है और क्लाइंट के ट्रेडिंग अकाउंट में कुल बोनस राशि 3,000 USD है, तो उस

markets4you

क्लाइंट को वर्तमान बोनस समाप्त होने के बाद किसी भी स्थिति में इस प्रमोशन में फिर से भाग नहीं ले पाएगा।

   c. यदि किसी क्लाइंट ने एक या एक से ज़्यादा बार बोनस एक्टिवेट किया है, और इस प्रमोशन में उसके ट्रेडिंग अकाउंट्स में जमा कुल बोनस 3000 अमेरिकी डॉलर से कम है और क्लाइंट ने नियमों और शर्तों का कोई उल्लंघन नहीं किया है, तो वह क्लाइंट 3000 अमेरिकी डॉलर की बोनस राशि पूरी तरह इस्तेमाल होने तक या 10 बार बोनस एक्टिवेट करने की सीमा पर पहुँचने तक बोनस को इस्तेमाल कर सकता है।

5. किसी भी क्लाइंट के एक अकाउंट पर एक समय में अधिकतम 3 एक्टिव बोनस हो सकते हैं।
6. बोनस अपनी ऐक्टिवेशन की तारीख से **3** महीने **(90** दिन**)** तक एक्टिव रहेगा और निर्धारित अवधि पूरी होने पर वह अपने आप ही कैंसिल होकर उस क्लाइंट के अकाउंट से हटा दिया जाएगा, जिस पर उसे एक्टिवेट किया गया था।
7. क्लाइंट अपने फंड्स और/या मुनाफे की निकासी किसी भी समय कर सकता है। हालांकि, फंड्स की निकासी पर क्लाइंट के फंड्स और बोनस के अनुपात के आधार पर बोनस आंशिक या पूर्ण रूप से हटा दिया जाएगा। ट्रेडिंग अकाउंट्स के बीच फंड्स का ट्रांसफर भी निकासी माना जाएगा।
8. जब क्लाइंट प्राप्त OTP के ज़रिए निकासी अनुरोध की पुष्टि करता है और फंड्स निकासी के लिए सुरक्षित कर दिए जाते हैं, तो इन नियमों और शर्तों के अनुसार बोनस अपने आप घटा दिया जाता है या पूरी तरह रद्द कर दिया जाता है। यदि किसी भी वजह से अनुरोधित निकासी सफलतापूर्वक नहीं होती है, तो बोनस में की गई कटौती और/या पूरे बोनस को हटाने की राशि क्लाइंट के अकाउंट में फिर से वापस या क्रेडिट नहीं की जाएगी।
9. बोनस कटौती की गणना:
   a. अनुपात सूत्र = (इक्विटी - क्रेडिट) / क्रेडिट,
      i. यदि अनुपात =<0.5 है, तो अकाउंट से सारा क्रेडिट हटा दिया जाएगा और बोनस को कैंसिल कर दिया जाएगा;
      ii. यदि अनुपात >0.5 है, तो बोनस की राशि "बोनस रिडक्शन फ़ॉर्मूला" का इस्तेमाल करके निकाली गई राशि के अनुसार काटा जाएगा। इस मामले में, बोनस एक्टिव रहता है;
   b. बोनस कटौती का फ़ॉर्मूला = “निकाली गई राशि” / (इक्विटी - क्रेडिट) * क्रेडिट
   c. उदाहरण के लिए:
      i. परिदृश्य 1
         1. क्लाइंट की इक्विटी 1500 USD है, बोनस राशि 500 USD है और निकासी/ट्रांसफर की गई राशि 200 USD है।
         2. अनुपात सूत्र = (1 500 - 500) / 500 = 2; जो 0.5 से ज़्यादा है, इसलिए “बोनस रिडक्शन फ़ॉर्मूला” का इस्तेमाल करके बोनस को कम किया जाएगा।
         3. बोनस रिडक्शन फ़ॉर्मूला = 200 / (1 500 - 500) * 500 = 100 USD
         4. शेष बोनस राशि = 500 – 100 = 400 USD.

      ii. परिदृश्य 2
         1. क्लाइंट की इक्विटी 750 USD है, बोनस की राशि 500 USD है और निकासी/ट्रांसफर राशि 200 USD है।
         2. अनुपात सूत्र = (750 - 500) / 500 = 0.5; जो

0.5 के बराबर है, इसलिए सारा बोनस अकाउंट से हटा दिया जाएगा।

10. इक्विटी ड्रॉडाउन से क्रेडिट स्टॉपआउट बोनस एक्टिवेशन के बाद, अब ट्रिगर नहीं होगा।
11. यदि ट्रेडिंग अकाउंट का मार्जिन स्तर Classic Pro और Classic Standard अकाउंट्स के लिए 20% या उससे कम हो जाता है, या Cent Pro और Cent Standard अकाउंट्स के लिए 10% या उससे कम हो जाता है, तो ऑर्डर फोर्स्ड क्लोजर (स्टॉपआउट) ट्रिगर हो जाएगा।
12. यदि संबंधित ट्रेडिंग अकाउंट पर फोर्स्ड ऑर्डर क्लोजर (स्टॉपआउट) होता है, तोबोनस को कैंसिल कर दिया जाएगा।
13. यदि क्लाइंट द्वारा इन नियमों और शर्तों, किसी भी लागू कानूनी दस्तावेज़ और/या सेवा समझौतों का पालन न करने करने की वजह से बोनस को कैंसिल किया जाता है, तो क्लाइंट इस तरह के किसी भी अन्य बोनस को एक्टिव नहीं कर पाएगा।
14. बोनस को न तो "कैश आउट", न ही ट्रांसफर या न ही अकाउंट से निकाला नहीं जा सकता।
15. यदि कंपनी को लगता है कि क्लाइंट की ट्रेडिंग स्ट्रैटेजी संदिग्ध, अधिक जोखिम वाली है या आर्बिट्राज जैसी है, या यदि क्लाइंट के अकाउंट की प्रतिदिन की वोलैटिलिटी उसकी सामान्य औसत दैनिक वोलैटिलिटी से ज़्यादा है या यदि बोनस फंड्स की सुरक्षा के लिए स्टॉप-लॉस ऑर्डर का सही इस्तेमाल नहीं किया गया, या अगर क्लाइंट ने कोई बहुत बड़ा ट्रेड किया है या छोटे-छोटे कई ट्रेड एक जैसी दर पर, लगभग एक ही समय पर और/या एक ही दिशा में किए हैं जो इस बात का संकेत देते हैं कि बड़ा ट्रेड जानबूझकर छोटे ट्रेड्स में बांटकर किया गया है और कंपनी के एकमात्र निर्णय के अनुसार यह संकेत मिलता है कि यह असली ट्रेडिंग एक्टिविटी नहीं बल्कि बोनस का अनुचित इस्तेमाल है, तो कंपनी को यह हक़ है कि वह बोनस से हुई कमाई का कुछ हिस्सा (जरूरी नहीं कि पूरा) कैंसिल कर दे। (अनुचित रूप से कमाए गए मुनाफे की कटौती की राशि निकालने के लिए यह फ़ॉर्मूला इस्तेमाल किया जाएगा: कटौती = बोनस/(डिपॉजिट+बोनस)*मुनाफ़ा), साथ ही कंपनी क्लाइंट पर उतनी ही राशि का शुल्क लगा सकती है जितनी राशि बोनस फंड्स के रूप में क्लाइंट को मिली है, चाहे पहले से सूचना दी गई हो या नहीं।
16. बोनस पूर्णतया वास्तविक जोखिम आधारित ट्रेडिंग के लिए है। क्लाइंट्स पर अलग-अलग ट्रेडिंग अकाउंट्स या ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स के बीच/पार पोज़ीशन को हेज करने के लिए बोनस को इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगायागया है। इसके अतिरिक्त, यदि Markets4you को किसी भी तरह के आर्बिट्राज, दुरुपयोग, धोखाधड़ी, हेरफेर, कैश-बैक आर्बिट्राज या इसी तरह की किसी गतिविधि का संकेत मिलता है या शक होता है, तो क्लाइंट द्वारा किए गए सभी ट्रांजैक्शन और/या मुनाफे या उठाए गए नुकसान को निरस्त किए जाएंगे, साथ ही संबंधित क्लाइंट से जुड़े पार्टनर (यदि लागू हो) को दी गई या देय सभी अर्जित और/या भुगतान किए गए (जिसे वापस लिया जाएगा) पार्टनर कमीशन भी अवैध और अमान्य माना जाएगा।
17. उपरोक्त के अलावा, उच्च जोखिम ट्रेडिंग रणनीतियों की पहचान और क्लाइंट के प्रतिदिन वोलैटिलिटी लेवल का मूल्यांकन कंपनी के एकमात्र विवेकाधिकार पर होगा, जो क्लाइंट के ट्रेडिंग पैटर्न और पिछले अकाउंट की गतिविधियों पर निर्भर करेगा। साथ ही, कंपनी को क्लाइंट को दी गई सेवाओं से संबंधित निम्नलिखित खर्चों को रोकने का अधिकार है:
    a. लिक्विडिटी प्रोवाइडर की फीस;
    b. फीस/एफिलिएट कमीशन, यदि इसकी कटौती एफिलिएट के अकाउंट से नहीं की जा सकती;
    c. पेमेंट सिस्टम(-सिस्टम्स) डिपॉजिट और निकासी की फीस;
    d. नकारात्मक बैलेंस में सुधार;
    e. क्लाइंट की तरफ से किए गए अन्य व्यय।

18. बोनस फंड्स का इस्तेमाल करके खोले गए ट्रेड ऑर्डर्स के लिए Share4you लीडर कमीशन और परफॉर्मेंस फीस नहीं दी जाएगी।
19. यदि क्लाइंट के अकाउंट की इक्विटी अकाउंट में दिए गए बोनस से कम हो जाती है, तो बचा हुआ बोनस Markets4you अपने विवेक के अनुसार हटा सकता है, जिससे क्लाइंट के अकाउंट में मौजूद सभी खुली पोजीशन्स का स्टॉपआउट हो सकता है। इस प्रमोशन में भाग लेकर, क्लाइंट इस शर्त पर स्पष्ट रूप से सहमति जताता है और पुष्टि करता है कि वह इस जोखिम को उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

ई. अधिकारों का आरक्षण और अयोग्यताएँ

1. Markets4you अपने विवेक के आधार पर निम्नलिखित चीज़ों का अधिकार सुरक्षित रखता है:
    a. प्रमोशन में भागीदारी करने वाले किसी भी व्यक्ति का रजिस्ट्रेशन अस्वीकार करें।
    b. Markets4you को प्रमोशन के दौरान उनकी सेवाओं के उपयोग की शर्तों का उल्लंघन या दुरुपयोग करने वाले किसी भी प्रतिभागी को योग्य घोषित करने का अधिकार प्राप्त है।
2. Markets4you के पास किसी भी समय इस प्रमोशन या इसके किसी भी हिस्से को बदलने, संशोधित करने, समाप्त करने या बंद करने का अधिकार सुरक्षित है, चाहे इसकी पूर्व सूचना दी जाए या नहीं। Markets4you पर कस्टमर्स को प्रमोशन में किए गए बदलावों के बारे में पूर्व सूचना देने की कोई बाध्यता नहीं है। क्लाइंट के लिए प्रमोशन के सभी नियमों और शर्तों का पालन करना आवश्यक है, साथ ही उसमें किए गए किसी भी बदलाव पर नज़र रखना भी उसकी ज़िम्मेदारी है।
3. अगर Markets4you को अपने विवेकाधिकार से किसी भी प्रकार के आर्बिट्राज, दुरुपयोग, धोखाधड़ी, हेरफेर या कैशबैक आर्बिट्राज का संकेत देता है या उसे ऐसा कोई संदेह होता है, तो उस ट्रेडिंग अकाउंट में की गई सभी लेन-देन और उससे होने वाले लाभ या हानि को अमान्य करार दिया जाएगा।
4. Markets4you के पास पूरा अधिकार है कि वह किसी भी प्रतिभागी/विजेता का नाम या अन्य जानकारी (जिसमें फ़ोटोग्राफ भी शामिल है) प्रचार के लिए अपने विवेकानुसार किसी भी रूप या माध्यम में प्रकट या प्रकाशित कर सकता है। प्रतिभागी/विजेता सहमति देता है कि प्रमोशन से जुड़े प्रचार उद्देश्यों के लिए उसका फ़ोटोग्राफ़, उसकी व्यक्तिगत जानकारी साझा की जा सकती है और उसके नाम, तस्वीर, छवि और आवाज़ का उपयोग किया जा सकता है। और वह Markets4you द्वारा आयोजित गतिविधियों में बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के भागीदारी व सहयोग करने के लिए सहमत है।
5. इन नियमों और शर्तों को कई भाषाओं में तैयार किया गया है और सभी संस्करण सही और विश्वसनीय माने जाते हैं। लेकिन अगर किसी विवाद की स्थिति पैदा होती है, तो अंग्रेज़ी भाषा का संस्करण ही प्रभावी और अंतिम माना जाएगा।

एफ. जोखिम चेतावनी

1. फॉरेक्स ट्रेडिंग में आपके निवेश की गई पूंजी पर उच्च स्तर का जोखिम होता है। कृपया हमारी जोखिम प्रकटीकरण नीति को ध्यान से पढ़ें और इस बात को सुनिश्चित करें कि आप उसमें दी गई जानकारी को अच्छी तरह से समझते हैं।